समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


# राजकीय उप चिकित्सालय नोहर मे डॉक्टर मनजीत ढाका ने संभाला पदभार, पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया का जताया आभार

राजेश चौधरी

Published on 30 Jan 2026



हनुमानगढ़ जिले के नोहर तहसील स्थित राजकीय उप चिकित्सालय में आज एक सादे एवं गरिमामय कार्यक्रम के दौरान **डॉक्टर मनजीत ढाका** ने विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। उनकी यह पदस्थापना पूर्व विधायक **अभिषेक मटोरिया** की अनुशंसा पर की गई है।

कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के **पीएमओ डॉक्टर प्रमोद शर्मा** ने डॉक्टर मनजीत ढाका को पदभार सौंपते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर सकारात्मक चर्चा भी की गई।

कार्यभार ग्रहण समारोह में **भूमि विकास बैकं के चेयरमैन राजेद्रं सिहाग**, डॉक्टर वेद प्रकाश, डॉक्टर रोहित शेखू, भैराराम बेनीवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं चिकित्सा विभाग से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने डॉक्टर ढाका के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

डॉक्टर मनजीत ढाका ने इस अवसर पर पूर्व विधायक **अभिषेक मटोरिया** का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे नोहर क्षेत्र की जनता को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे।

कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और उपस्थित सभी लोगों ने नवपदस्थ चिकित्सक को शुभकामनाएं दीं।


DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.